अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Daily Top News Analysis

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## 13 OCTOBER, 2022


FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**Q1. हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मेहसाणा जिले में किसको भारत का पहला 24×7 सौर ऊर्जा संचालित गांव घोषित किया?**

a) विजापुर b) वडनगर
c) मोढेरा d) उन्जा

**Ans :- मोढेरा**

9 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मेहसाणा जिले में मोढेरा को भारत का पहला 24×7 सौर ऊर्जा संचालित गांव घोषित किया। गांव में बिजली पैदा करने के लिए एक ग्राउंड-माउंटेड सोलर पावर प्लांट और घरों पर 1,300 से अधिक रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए गए हैं। इस परियोजना में केंद्र और राज्य दोनों सरकारों ने 80 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

**Q2. हाल ही में सितंबर माह के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार किसे दिया गया हैं?**

a) अनीता देसाई & सूर्य कुमार यादव b) हरमनप्रीत कौर & मोहम्मद रिजवान
c) निगार सुल्ताना & अक्षर पटेल d) स्मृति मंधाना & कैमरून ग्रीन

**Ans :- हरमनप्रीत कौर & मोहम्मद रिजवान**

भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर और पाकिस्तान के खिलाड़ी मोहम्मद रिजवान को सितंबर के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए चुना गया है। हरमनप्रीत कौर ने महिला वर्ग में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता। मोहम्मद रिजवान को पुरुष वर्ग में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला। हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड में एकदिवसीय श्रृंखला में अपने प्रदर्शन के लिए पुरस्कार जीता। रिजवान ने भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को पीछे करके पुरुष वर्ग में यह पुरस्कार जीता।

**Q3. हाल ही में भारत और किस देश ने न्यू एनर्जी टास्क फॉर्स की घोषणा की है?**

a) रूस b) चीन
c) अमेरिका d) जापान

**Ans :- अमेरिका**

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अमेरिका के उर्जा सचिव जेनिफर ग्रानहोम के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई जिसके बाद इस टास्क फोर्स की घोषणा की गई। यह टास्क फोर्स एनर्जी सेक्टर में भारत-अमेरिका की साझेदारी को और मजबूत करेगी।
इस बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने एनर्जी सिक्योरिटी को मजबूत करने और स्वच्छ, सुरक्षित और एनर्जी ट्रांजिशन में तेजी लाने के लिए बायलेट्रल क्लीन एनर्जी इंगेजमेंट पर जोर दिया।

**Q4. प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस कब मनाया जाता हैं?**

a) 08 अक्टूबर b) 09 अक्टूबर
c) 10 अक्टूबर d) 11 अक्टूबर

**Ans :- 11 अक्टूबर**

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पूरे विश्व में प्रतिवर्ष 11 अक्टूबर को मनाया मनाया जाता है। इस विशेष दिन को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज में सम्मान और सुरक्षा का एहसास कराना है। इस विशेष दिन को सर्वप्रथम एक निजी संस्था के द्वारा मनाए जाने का क्रम शुरू किया गया था। इसकी बढ़ती लोकप्रियता के साथ धीरे-धीरे इसे पूरे विश्व में सम्मान मिलने लगा और 2008 से इसे राष्ट्रीय संघ के द्वारा 11 अक्टूबर का दिन चुना गया।

**Q5. हाल ही में कुआलालंपुर में आयोजित 2022 IBSF विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक किसने जीता है?**

a) सौरव कोठारी b) पंकज आडवाणी
c) माइक रसेल d) थवे ओ

**Ans :- पंकज आडवाणी**

भारत के अग्रणी खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने 8 अक्टूबर 2022 को कुआलालंपुर में IBSF विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप 2022 जीतकर अपना 25वां स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने हमवतन सौरव कोठारी को एकतरफा फाइनल में 4-0 से हराकर लगातार पांचवीं बार खिताब अपने नाम किया। पंकज आडवाणी ने आखिरी बार 12 महीने पहले कतर में विश्व खिताब जीता था, जहां उन्होंने IBSF 6-रेड स्नूकर विश्व कप जीता था।

**Q1. Which of the following was recently declared as India's first 24×7 solar powered village by Prime Minister Narendra Modi in Mehsana district of Gujarat?**

a) Vijapur b) Vadnagar
c) Modhera d) Unja

**Ans :- Modhera**

On 9 October 2022, Prime Minister Modi declared Modhera as India's first 24×7 solar powered village in Mehsana district of Gujarat. The village has a ground-mounted solar power plant and more than 1,300 rooftop solar systems installed on homes to generate electricity. Both the central and state governments have invested more than Rs 80 crore in this project.

**Q2. Recently who has been given the ICC Player of the Month award for the month of September?**

a) Anita Desai & Surya Kumar Yadav
b) Harmanpreet Kaur & Mohammad Rizwan
c) Nigaar Sultana & Axar Patel
d) Smriti Mandhana & Cameron Green

**Ans :- Harmanpreet Kaur & Mohammad Rizwan**

India captain Harmanpreet Kaur and Pakistan player Mohammad Rizwan have been selected for the ICC Player of the Month award for September. Harmanpreet Kaur won the ICC Player of the Month award in the women's category. Mohammad Rizwan received the ICC Player of the Month award in the men's category. Harmanpreet Kaur won the award for her performance in the ODI series in England. Rizwan won the award in the men's category, beating Indian left-arm spinner Axar Patel and Australian all-rounder Cameron Green.

**Q3. Recently India and which country has announced New Energy Task Force?**

a) Russia b) China
c) America d) Japan

**Ans :- America**

The task force was announced after a bilateral meeting between Union Petroleum and Natural Gas Minister Hardeep Singh Puri and US Energy Secretary Jennifer Granholm. This task force will further strengthen India-US partnership in the energy sector. During the meeting, the two leaders emphasized on bilateral clean energy engagement to strengthen energy security and accelerate the clean, safe and energy transition.

**Q4. When is International Girl Child Day celebrated every year?**

a) 08 October b) 09 October
c) 10 October d) 11 October

**Ans :- 11 October**

International Girl Child Day is celebrated every year on 11 October all over the world. The main objective of celebrating this special day is to make women self-reliant and to make them feel respect and security in the society. The sequence of celebrating this special day was first started by a private organization. With its increasing popularity, it gradually started getting respect all over the world and since 2008 it has been chosen by the National Association as the day of 11 October.

**Q5. Who has won gold medal in 2022 IBSF World Billiards Championship held in Kuala Lumpur recently?**

a) Saurav Kothari b) Pankaj Advani
c) Mike Russell d) Thave O

**Ans :- Pankaj Advani**

India's leading player Pankaj Advani won his 25th gold medal by winning the IBSF World Billiards Championship 2022 in Kuala Lumpur on 8 October 2022. He defeated compatriot Sourav Kothari 4-0 in a one-sided final to clinch the title for the fifth time in a row. Pankaj Advani last won the world title 12 months ago in Qatar, where he won the IBSF 6-Red Snooker World Cup.

**Q6. हाल ही में गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स ने किसे अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है?**

a) स्मृति मंधाना b) शैफाली वर्मा
c) झुलन गोस्वामी d) हरमनप्रीत कौर

**Ans :- स्मृति मंधाना**

गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया। यह पहला मौका है जब कोई महिला क्रिकेटर ब्रांड का प्रचार करेगी। गल्फ ऑयल का उद्देश्य भारतीय महिला क्रिकेटरों की उपलब्धियों का सम्मान करते हुए 'महिला शक्ति का जश्न मनाना' और 'देश में महिला दर्शकों को प्रेरित करना' है।

**Q7. हाल ही में किस संस्थान ने 'Poverty and Shared Prosperity 2022' रिपोर्ट जारी की?**

a) विश्व बैंक b) एशियाई विकास बैंक
c) नाबार्ड d) रिर्जव बैंक ऑफ इंडिया

**Ans :- विश्व बैंक**

विश्व बैंक ने हाल ही में "Poverty and Shared Prosperity 2022: Correcting Course" शीर्षक से एक नई रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के अनुसार, उच्च खाद्य और ऊर्जा की कीमतों ने COVID-19 के बाद त्वरित सुधार में बाधा उत्पन्न की, जो दशकों में वैश्विक गरीबी उन्मूलन के लिए सबसे बड़ा झटका रहा है। अत्यधिक गरीबी उप-सहारा अफ्रीकी देशों में केंद्रित है, जिसकी गरीबी दर लगभग 35% है और अत्यधिक गरीबी में सभी लोगों का 60% हिस्सा है।

**Q8. हाल ही में किस सशस्त्र बल के लिए 'अधिकारियों के लिए हथियार प्रणाली शाखा' को मंजूरी दी गई है?**

a) CRPF b) भारतीय वायु सेना
c) भारतीय जल सेना d) भारतीय थल सेना

**Ans :- भारतीय वायु सेना**

सरकार ने भारतीय वायु सेना (IAF) में अधिकारियों के लिए एक हथियार प्रणाली शाखा के निर्माण को मंजूरी दे दी है। एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी के अनुसार, इस नई शाखा से सभी हथियार प्रणाली ऑपरेटरों का एक इकाई के तहत एकीकरण हो जाएगा और इससे सरकारी खजाने के लिए 3,400 करोड़ रुपये की बचत होगी। आजादी के बाद यह पहली बार है कि एक नई परिचालन शाखा बनाई जा रही है।

**Q9. हाल ही में आतंकवाद विरोधी समिति की एक प्रमुख बैठक के लिए भारत किस शहर में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के राजनयिकों की मेजबानी करेगा?**

a) मुंबई b) नई दिल्ली
c) जयपुर d) a व b दोनों

**Ans :- मुंबई & नई दिल्ली**

भारत 28-29 अक्टूबर 2022 को मुंबई और नई दिल्ली में आतंकवाद विरोधी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक के लिए अन्य सदस्य देशों के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (UNSC) के राजनयिकों की मेजबानी करेगा। बैठक का केंद्र-बिंदु - "आतंकवाद में नई प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल की चुनौतियों का मुकाबला करना"। भारत वर्तमान में वर्ष 2022 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की आतंकवाद विरोधी समिति का अध्यक्ष है।

**Q10. भारतीय भारोत्तोलक हर्षदा गरुड़ ने एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2022 में महिलाओं के 45 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2022 कहां पर आयोजित की जा रही है?**

a) बहरीन b) सऊदी अरब
c) कतर d) ओमान

**Ans :- बहरीन**

भारतीय भारोत्तोलक हर्षदा गरुड़ ने 8 अक्टूबर 2022 को मनामा, बहरीन में एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2022 में महिलाओं के 45 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। हर्षदा गरुड़ ने स्नैच में 68 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 84 किग्रा भार उठाकर कुल 152 किग्रा भार उठाया। एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2022 में 30 देशों के 187 एथलीट भाग ले रहे हैं, जिसका समापन 16 अक्टूबर को बहरीन में होगा।

**Q6. Who has been appointed as its brand ambassador by Gulf Oil Lubricants recently?**

a) Smriti Mandhana b) Shafali Verma
c) Jhulan Goswami d) Harmanpreet Kaur

**Ans :- Smriti Mandhana**

Gulf Oil Lubricants has roped in Smriti Mandhana, vice-captain of the Indian women's cricket team, as its brand ambassador. This is the first time a female cricketer will promote the brand. Gulf Oil aims to 'celebrate women's power' and 'inspire female audiences in the country' while honoring the achievements of Indian women cricketers.

**Q7. Which institute recently released the report 'Poverty and Shared Prosperity 2022'?**

a) World Bank b) Asian Development Bank
c) NABARD d) Reserve Bank of India

**Ans :- World Bank**

The World Bank recently released a new report titled "Poverty and Shared Prosperity 2022: Correcting Course". According to this report, high food and energy prices hindered the quick recovery after COVID-19, which has been the biggest blow to global poverty alleviation in decades. Extreme poverty is concentrated in sub-Saharan African countries, which have a poverty rate of about 35% and account for 60% of all people in extreme poverty.

**Q8. Recently, 'Weapons Systems Wing for Officers' has been approved for which armed force?**

a) CRPF b) Indian Air Force
c) Indian Navy d) Indian Army

**Ans :- Indian Air Force**

The government has approved the creation of a Weapon Systems Wing for officers in the Indian Air Force (IAF). Air Chief Marshal V.R. According to Chowdhary, this new branch will integrate all the weapon system operators under a single unit and will save Rs 3,400 crore for the exchequer. This is the first time after independence that a new operational wing is being created.

**Q9. In which city India will host UN Security Council diplomats for a major meeting of the Anti-Terrorism Committee recently?**

a) Mumbai b) New Delhi
c) Jaipur d) both a and b

**Ans :- Mumbai & New Delhi**

India will host United Nations Security Council (UNSC) diplomats along with other member countries for a crucial meeting of the Anti-Terrorism Committee in Mumbai and New Delhi on 28-29 October 2022. The focus of the meeting - "Tackling the Challenges of Using New Technologies in Terrorism". India is currently the chairman of the UN Security Council's Anti-Terrorism Committee for the year 2022.

**Q10. Indian weightlifter Harshada Garuda won the bronze medal in the women's 45kg category at the Asian Weightlifting Championships 2022. Where is the Asian Weightlifting Championship 2022 being held?**

a) Bahrain b) Saudi Arabia
c) Qatar d) Oman

**Ans :- Bahrain**

Indian weightlifter Harshada Garuda won the bronze medal in the women's 45kg category at the 2022 Asian Weightlifting Championships in Manama, Bahrain on 8 October 2022. Harshada Garuda lifted a total of 152 kg by lifting 68 kg in snatch and 84 kg in clean and jerk. 187 athletes from 30 countries are participating in the Asian Weightlifting Championships 2022, which will conclude on 16 October in Bahrain.